भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

07.02.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 853 का उत्तर

खगड़िया रेलवे स्टेशन पर ठहराव

853. चौधरी महबूब अली कैसर:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या तीन राजधानी रेलगाड़ियां खगड़िया रेलवे स्टेशन से होकर गुजरती हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का इनमें से किसी एक रेलगाड़ी का खगड़िया रेलवे स्टेशन पर ठहराव देने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): वर्तमान में, खगड़िया स्टेशन 56 जोड़ी रेलगाड़ियों से सेवित है। इसके अलावा, भारतीय रेलों पर रेलगाड़ी सेवाओं के ठहराव का प्रावधान यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन एक सतत प्रक्रिया है।

****